तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 22 नवम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 मंत्री राजवाड़े ने ओड़गी में सड़क एवं पुलिया निर्माण का किया औचक निरीक्षण



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
-D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
-B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
-B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
-B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### किसानों को धान बिक्री के लिए रकबा के आधार पर मिलेगा टोकन

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 किसानों को धान बिक्री के लिए टोकन सिस्टम की व्यवस्था की गई है। किसानों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से टोकन जारी कर धान खरीदी किया जा रहा है। तुंहर मोबाइल एप के माध्यम से भी ऑनलाइन टोकन जारी की जा रही है। जिसमें किसान स्वयं एप के माध्यम से टोकन काट सकते हैं। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार 2 एकड़ तक के सीमा वाले किसान को अधिकतम 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ तक के लिए अधिकतम 2 टोकन, 10 एकड़ से उपर वाले किसानों के लिए अधिकतम 3 टोकन की प्रात्रता होगी।

## प्रसून गुप्ता ने हासिल की 36वीं रैंक, बने डीएसपी

# सीजीपीएससी में सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र से तीन युवाओं ने हासिल की सफलता



माता-पिता के साथ प्रसून गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शुक्रवार को सीजी पीएससी के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है। सीजीपीएससी में इस बार भी सरगुजा के युवाओं ने कमाल कर दिखाया है। परीक्षा में सड़क किनारे सब्जी बेचकर परिवार का लालन पालन करने वाले की बेटी चंचल पैकरा ने अजजा वर्ग में टॉप किया है और डिप्टी कलेक्टर का रैंक हासिल किया है। इसके साथ ही सरगुजा से एसटी कैटेगरी में मयंक मंडावी ने भी दुसरा स्थान हासिल कर डिप्टी कलेक्टर के लिए क्वालीफाई किया है जबकि प्रसून गुप्ता ने भी परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए डीएसपी पद के लिए क्वालीफाई किया है। बड़ी बात यह है कि तीनों युवा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से आते है। युवाओं की सफलता से परिजन व मित्रों में खुशी का माहौल है।

**खास बात**
- परिजन में उत्साह का माहौल, बधाई देने लगा तांता

बता दें कि शुक्रवार छत्तीसगढ़ पीएससी द्वारा सीजीपीएससी 2024 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। सीजीपीएससी में सरगुजा के सीतापुर से प्रसून गुप्ता ने भी सफलता हासिल की है। सीजीपीएससी 2024 के परीक्षा परिणामों में प्रसून गुप्ता ने 36वां रैंक हासिल किया है। बता दें की इसके पहले भी प्रसून गुप्ता ने सीजीपीएससी की परीक्षा दी थी और 60वां रैंक हासिल किया। प्रसून वर्तमान में जशपुर जिला जेल के जेल अधीक्षक के पद पर पदस्थ है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और इस बार उन्होंने डीएसपी पद के लिए सफलता हासिल की। प्रसून के पिता सुख सागर गुप्ता सेवानिवृत्त प्रधान पाठक है जबकि मां मंजुलता गुप्ता शिक्षिका है। प्रसून के बड़े भाई नीरज गुप्ता भी शिक्षक है। प्रसून की इस सफलता से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है।

### मयंक ने हासिल किया दूसरा स्थान



सीजीपीएससी 2024 की परीक्षा में जिले के सीतापुर क्षेत्र से मयंक मंडावी ने भी सफलता हासिल की है। क्षेत्र के ग्राम कटनईपारा निवासी मयंक मंडावी ने एसटी कैटेगरी में 210वां रैंक के साथ दूसरा स्थान किया है और डिप्टी कलेक्टर के लिए चयनित हुए है। बड़ी बात यह है कि मयंक वर्तमान में जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ है। जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर रहते हुए उन्होंने सीजीपीएससी की परीक्षा दी थी और परीक्षा में वे सफल हुए। मयंक मंडावी के पिता रमेश मंडावी फारेस्ट विभाग में डिप्टी रेंजर है जबकि उनकी मां देवमती सिंह सामान्य गृहणी है।

### तहसीलदार पारस शर्मा ने हासिल किया 5वां स्थान



**कुसमी।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम आज जारी किया गया है। परीक्षा परिणाम में में तहसीलदार पारस शर्मा ने पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 5वां स्थान हासिल किया। पारस शर्मा सामरी तहसील में पदस्थ है। लिखित परीक्षा में पारस शर्मा को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया लेकिन साक्षात्कार में कम अंक प्राप्त होने के कारण अंतिम सूची में 5वां रैंक प्राप्त हुआ है। सामरी तहसीलदार पारस शर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य में 5 वां स्थान हासिल कर जिला सहित विकासखंड अंतर्गत कुसमी अनुविभाग राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

# सीएनई सेल गठन के 1 साल के भीतर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश किया शोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने हासिल की उपलब्धि, नर्सिंग सिस्टर और स्टाफ नर्सों ने नैनीताल में किया प्रतिनिधित्व

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय के बड़ी उपलब्धी हासिल की है। कॉलेज प्रबंधन ने सीएनई सेल ने गठन के मात्र एक वर्ष के भीतर उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस सम्मेलन में मेडिकल कॉलेज की ओर से नर्सिंग सिस्टर सुश्री दीपिका तिर्की, स्टाफ नर्स सुश्री प्रिया परीडा व सुश्री संगीता सिंह ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को सशक्त करने हेतु बहुविषयक दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि डब्ल्यूएचओ के सहयोग से पाल ग्रुप नैनीताल द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर पर भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं व्यवहारिक बनाने हेतु उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। अधिष्ठाता तथा अस्पताल अधीक्षक एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दक्षिण पूर्व एशिया में सहयोग के लिए नियुक्त क्षेत्रीय नर्सिंग लीड श्रीमती रूपा रावत तथा संगवारी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. योगेश्वर कलकोंडे के मार्गदर्शन में तैयार किए गए शोध पत्र को सुश्री प्रिया परीडा द्वारा उक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुति संस्थान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुश्री प्रिया परीडा ने एम्पोवेरिंग फॉर ट्रांस-डिसिप्लिनरी केयर फॉर प्रोफेशनल्स थ्रू कंटीन्यूअस इन-सर्विस एजुकेशन, क्वालिटी केयर डिलीवरी एट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति इस बात का स्पष्ट संकेत है कि निरंतर नर्सिंग शिक्षा (सीएनई) के माध्यम से नर्सिंग एवं स्वास्थ्य कर्मियों की दक्षता बढ़ाकर संस्थान में उपचार और देखभाल की गुणवत्ता को नई उंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। बता दें कि अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा संस्थान है जहां औपचारिक सीएनई सेल का गठन किया गया है। इस सेल के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में नए परिवर्तन, मरीज-केन्द्रित संवेदनशील देखभाल, पेशेवर दक्षता, तथा सकारात्मक व्यवहार के लिए नर्सिंग स्टाफ को नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस उपलब्धि पर अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवायें प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए संस्थान को नई दिशा में आगे बढ़ाने पर बल दिया।




## नेपाल से काम की तलाश में आया था युवक पहुंचते ही मिली मौत

- तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से हुई मृत्यु, जांच में जुटी पुलिस

**धौरपुर।** बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक नेपाल से रोजी रोटी की तलाश में आया था और सामान लेकर साथियों के साथ वापस कमरे में लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि 20 नवम्बर की रात लुंड्रा थाना के बरगीडीह में होस्टल के समीप एक तेज रफ्तार ऑटो के चालक ने सड़क किनारे चल रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक जमीन पर गिरकर गया और सिर पर चोट लगने से खून से लथपथ हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान नेपाल निवासी 32 वर्षीय सागर कार्किक के रूप में की गई है जो 19-20 नवम्बर को ही अपने 10 से 12 साथियों के साथ काम की तलाश में सरगुजा आया था। सभी युवक बरगीडीह राइस मिल में काम करने वाले थे और बीती रात युवक सामान खरीदने के लिए बाजार गए थे। इसी दौरान लौटते साय तेज रफ्तार ऑटो का चालक टक्कर मारकर भाग निकला। बड़ी बात यह है कि होस्टल के समीप जहां घटना हुई वहां अंधेरा था इस लिए युवक के साथी वाहन का नम्बर नहीं देख पाए। इसके साथ ही उन्होंने रास्ते से गुजर रहे कार को रोककर मदद मांगनी चाही लेकिन कोई भी वाहन नहीं रुका।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### बस्तामुक्त विद्यालय में नवप्रवेशी 30 बच्चों को वितरण किए गए स्वेटर

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में नवप्रवेशी बच्चों को स्वेटर वितरण सुरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया,अन्य अतिथियों में सरपंच सुमित्रा सिंह,एनवति राजवाड़े अध्यक्ष एसएमसी,गुड्डी बाई विश्वकर्मा उपाध्यक्ष एसएमसी, विजेंद्र लाल जायसवाल शैक्षिक समन्वयक तथा शिव विश्वकर्मा उपस्थित थे,संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर संस्था प्रमुख द्वारा बिश्रामपुर के समाजसेवी गुरमीत सिंह बग्गा से इस वर्ष के नवप्रवेशी बच्चों के लिए एक कलर की डार्क ब्लू स्वेटर मांग की गई थी,जिसे गुरमीत सिंह बग्गा द्वारा स्वीकार करते हुए 30 नग ब्लू स्वेटर संस्था को उपलब्ध कराई गई,समाजसेवी श्री बग्गा द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए ड्रेस कोड अनुरूप स्वेटर उपलब्ध कराए गए,इन स्वेटर पर विद्यालय मोनो लगाकर आज वितरित की गई,स्वेटर मिलने से एक ओर जहां बच्चों में खुशी दिखी वहीं दूसरी ओर बच्चों को ठंड और बिमारी से बचने में मदद मिल सकेगी। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय पढ़ने आने में सुविधा होगी। इस दौरान शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, पूनम गुप्ता, सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया, फुलेश्वरी राजवाड़े, कौशिल्या राजवाड़े, फूलकुवंर राजवाड़े व अन्य उपस्थित थे।

### विश्व बाल अधिकार दिवस के मौके पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ एंड एग्रीकॉन फाउंडेशन के सहयोग से आज 'हर बालिका राष्ट्र की पूंजी' माह जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर विद्यालय चंद्रमेढा,, ब्लॉक भैयाथान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल संरक्षण और बाल अधिकार, बाल विवाह पर रोकथाम के विषय मे चर्चा, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, गुड टच और बैड टच के बारे में बताया, नशा मुक्ति एवं रोकथाम, टोल फ्री चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प लाइन नंबर, साइबर सिक्योरिटी के लिए जागरूक किया, टोल फ्री नंबर सभी ने मिलकर छत्तीसगढ बाल विवाह मुक्त ग्राम के लिए शपथ दिलाई गई। विश्व बाल अधिकार दिवस विशेष विषय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम हेतु आयोजन में जागरूक करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला महिला संरक्षण अधिकारी इंद्रा तिवारी, यूनिसेफ एग्रीकॉन फाउंडेशन से ज़लि समन्वयक हितेश निर्मलकर, भैयाथान ब्लॉक समन्वयक अक्सेन गुर्जर, स्कूल के 195 छात्र एवं छात्राए, प्रिंसिपल सहित अन्य मौजूद रहे।

### अवैध रेत परिवहन करते एक टिपर जब्त

**राजपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम राजपुर देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा ग्राम सिंगचौरा में महान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर टिपर वाहन को जब्त किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी, पटवारी सहित राजस्व की टीम मौजूद रही।

## दूसरे जिलों में की जा रही ढुलाई

# महान नदी से तस्कर बेखौफ होकर कर रहे अवैध रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

**खास बात**

- आवास निर्माण आड़ में चल रहा कारोबार

क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार जोर शोर से चल रहा है। तस्कर बेखौफ होकर नगर से लगे महान नदी से रेत उत्खनन कर रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते है और अधिकारियों के जाने के बाद फिर से अवैध रूप से रेत निकालने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसे में लोगों में खासा आक्रोश है।

बता दें कि विकासखंड के अंतर्गत आने वाली महान नदी से इन दिनों रेत का अवैध रूप से उत्खनन जारी है। तस्कर बेखौफ होकर नदी से रेत निकालने का काम कर रहे है। इस अवैध कारोबार से जहां शासन को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण पर भी गंभीर संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महान नदी से लगातार बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने के कारण नदी की धारा व आसपास का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। इसके साथ ही जब-जब अधिकारी जांच के नाम पर आते हैं उस समय कुछ घंटों के लिए काम बंद कर दिया जाता है, लेकिन उनके जाने के बाद फिर से तेजी से ट्रैक्टर-टिपर चलने लगते हैं। क्षेत्र में ग्राम कर्रा, उलिया, माकड़,जिगडी, अलखडीहा, लदकुड, कुंदीखुर्द, करवा, गोपालपुर, चिलमाकला, नरसिंहपुर, धंधापुर, परसवारकला, रेवतपुर, लोधीडांड, मरकाडांड और चौरा सहित कई गांवों में यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आवास निर्माण के नाम पर रेत की मांग दिखाकर माफिया मोटी रकम बेचते हैं और टिपर के जरिए दूसरे जिलों में सप्लाई कर दी जाती है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल विभाग की आंखों के सामने हो रहा है। खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



रेत लोड ट्रक।

### सड़कें हो रही जर्जर

रेत के अवैध उत्खनन से क्षेत्र के मार्गों की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है। दिन-रात दौड़ते भारी वाहनों के कारण सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। वहीं, धूल उड़ने से ग्रामीणों को सांस की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खेती किसानी पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है, क्योंकि नदी का जलस्तर घटने से सिंचाई की समस्या खड़ी हो सकती है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि महान नदी से अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज कर उनके ट्रैक्टर और टिपर ,जेसीबी, को जब्त किया जाए। साथ ही, नियमित निगरानी कराई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लग सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### अवैध कमाई करने वालों पर हो कार्रवाई

शासन की योजना प्रधानमंत्री आवास में निर्माण हेतु बालू तो आवश्यक है। लेकिन स्थानीय लोगों के द्वारा मोटी रकम कमाने हेतु टिपर, ट्रैक्टर से दूसरे जिला में बेच रहे हैं गलत है उन पर कार्रवाई होना चाहिए।

-जितेंद्र जायसवाल (छोटू), भाजपा मंडल अध्यक्ष बरियों बरिय

### होनी चाहिए कार्रवाई

शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास हेतु बालू का उपयोग किया जाए और इसे जो व्यवसाय बनाकर टीपर, ट्रैक्टर से कर रहे हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

-विनय भगत
अध्यक्ष जनपद पंचायत

### कर रहे खाना पूर्ति

क्षेत्र में छोटे बड़े नदी नालों में रेत उत्खनन जोरों पर है प्रशासनिक ढिलाई की वजह से रेत माफियाओं का हौसला बढ़ा हुआ है। राजपुर क्षेत्र से रेत उत्खनन करके माफिया अन्य राज्यों सहित अन्य जिलों में भेज रहे हैं। वन परिक्षेत्र में भी आने वाले नदी नालों में रेत माफियाओं का आतंक देखा जा सकता है। पुल पुलिया के खंभे के नीचे रेत उत्खनन की वजह से पुलिया का नींव कमजोर होते जा रहे हैं। गांवों में बिना किसी पीट पास के भारी मात्रा में रेत का भंडारण किया गया है पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है।

-नीरज तिवारी
प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़

### की जाएगी कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। दो दिन पूर्व दो टिपर के ऊपर कार्रवाई की गई है। लगातार जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

-देवेंद्र प्रधान
एसडीएम राजपुर



## निर्माणाधीन पीएम आवासों का जिपं सीईओ श्री पाटले ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- जारी रैंकिंग में सूरजपुर 85 अंकों के साथ संभाग में प्रथम एवं राज्य में आठवें पायदान पर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसकी सतत निगरानी एवं समीक्षा कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के कुशल निर्देश एवं मार्गदर्शन में हो रही है। इसी तारतम्य में सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगड़ी, तेलगांव, अधिनापुर में पीएम आवास के तहत बन रहे मकानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पीएम आवास के पूर्णता, निर्माण के लिए दी जाने वाली राशि का हस्तांतरण, मनरेगा से मिलने वाली राशि, सामग्री की उपलब्धता के अलावा योजना से सम्बन्धित अन्य प्रमुख पहलुओं के तेजी लाने के निर्देश दिए। हितग्राहियों से बात करने के दौरान उन्होंने जल्दी आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। हितग्राहियों के मिस्त्री की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ एवं तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया। जिले में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए है, जिन्हें अविलंब समय पर पूर्ण करने का राज्य से लक्ष्य प्राप्त है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। इसी प्रकार अगर हितग्राही द्वारा कार्य कर लिया जाता है तो उनके अगले किस्त का भुगतान तत्काल जारी कर दिया जाए। अभिसरण से मिलने वाली 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी हितग्राहियों को निर्माण के आधार पर प्रदाय कर दिया जाए। बैंकों से समन्वय कर राशि जल्द प्राप्त होने की व्यवस्था करने के साथ साथ हितग्राहियों के आवास में मार्गदर्शिका अनुसार लोगो लगाने के लिए निर्देशित किया गया। अब तक जिले में 170 लाख की अधिक की राशि ऋण से प्रदान की जा चुकी है, जिससे पीएम आवास निर्माण में गति आई है। इस दौरान पीएम आवास के जिला समन्वयक, एपीओ नरेगा, जिला समन्वयक एसबीएम, जनपद सीईओ,एसडीओ आरईइस, बीसी पीएम आवास, तकनीकी सहायक, सरपंच, आवास मित्र एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## एसईसीएल में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का किया गया शुभारम्भ



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में आज गुरूवार को गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर गुणवत्ता सुधार की मशाल प्रज्ज्वलित कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को गुणवत्ता प्रतिज्ञा दिलाई।

गौरतलब है कि 20 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े को केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक व्यापक गुणवत्ता अभियान के रूप में तैयार किया गया है, इस दौरान स्लोगन लेखन स्पर्धा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता रैली, 24 नवंबर को विशेष गुणवत्ता कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें कोयले की गुणवत्ता, खनन प्रक्रिया में पारदर्शिता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा होगी, कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा गुणवत्ता मापदंड, सैंपलिंग तकनीक, कोल ग्रेडिंग और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है,इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि आज देश ऊर्जा के मोर्चे पर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बन चुकी है,उन्होंने कहा कि यदि हम कोयले की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं, तो हम केवल उत्पादन नहीं बढ़ा रहे, बल्कि देश की औद्योगिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं, कर्मचारियों को गुणवत्ता मानकों की जानकारी देने के लिए खदान स्तर पर छोटे-छोटे समूहों में संवाद सत्र भी आयोजित किए गए,कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी,महिला एवं पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे, सहक्षेत्र प्रबंधक, खान प्रबंधक और नोडल अधिकारी गुणवत्ता की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर द्वारा भेजी गई गुणवत्ता प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया गया, दोपहर 11 बजे से एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल ने पूरे क्षेत्र से जुड़े महाप्रबंधकों और उनकी टीमों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया, स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक गुणवत्ता व धन्यवाद ज्ञापन प्रीति पिल्लई, महाप्रबंधक कोल प्रिपरेशन ने किया, वीडियो कांफ्रेंसिंग में गुणवत्ता सुधार की नई रणनीतियों, डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम और खनन क्षेत्र में सख्त गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र पर भी चर्चा हुई।



## लोगों के एसआईआर फॉर्म भराने के लिए जनप्रतिनिधि भी हुए सक्रिय

- शिवनन्दनपुर के कई घरों में अभी तक वितरण नहीं हुए फॉर्म, 4 दिसंबर तक अभियान पूरा होने में बनी संदेह की स्थिति

**बिश्रामपुर।** बिहार प्रांत के बाद अब छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है, जहां बीएलओ द्वारा घर घर पहुंच कर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण कर उसे भरने की प्रक्रिया समझाई जा रही है,नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में आगामी दिनों में चुनाव होना है,ऐसे में यहां क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्ड वार मतदाताओं को गणना पत्रक को सही तरीके से भरने जमा करने की समझाइश दी जा रही है,इसके लिए विधिवत नगर पंचायत कार्यालय में बीएलओ की तैनाती कर एक एक मतदाताओं को गणना पत्रक सही तरीके से भरने की समझाइश दी जा रही है,इस कार्य में आगामी दिनों में अध्यक्ष पद के सम्भावित उम्मीदवारों के साथ साथ वार्डो से पार्षद का चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले जनप्रतिनिधि विशेष रूप से सक्रिय हैं और वे मतदाताओं को गणना पत्रक को सही तरीके से भरने और तय समय में जमा करने की कवायद कर रहे हैं,एसआईआर के कार्य में यह भी देखा जा रहा है कि बीएलओ आज पर्यंत तक कई घरों में गणना पत्रक का अब तक वितरण नहीं किया गया है जिससे लोग परेशान है।गांव गांव में तो हालात यह है कि कई लोग गणना प्रपत्र को भरने रुचि ही नहीं दिखा रहे जबकि कई लोग गणना प्रपत्र को भरने को लेकर परेशान हैं।कुल मिलाकर अभियान पहले चरण में पूरा होगा इसकी उम्मीद बेहद कम दिखाई दे रही है,4 नवंबर से 4 दिसंबर तक प्रथम चरण में एसआईआर का कार्य पूरा किया जाना है, प्रचार प्रसार के बगैर आनन फानन में शुरू किए गए एसआईआर के कार्य को लेकर लोगों में विशेष उत्साह नहीं दिख रहा।

### एसआईआर प्रक्रिया को शत प्रतिशत पूर्ण करने मिशन मोड पर प्रशासन

**सूरजपुर।** एसआईआर की प्रक्रिया गुणवत्तापूर्वक एवं समय पर पूरा करने जिला प्रशासन मिशन मोड पर काम कर रहा है। आज कलेक्टर एस.जयवर्धन मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की वस्तु स्थिति जानने के लिए मतदान केंद्र गोटगवा और मतदान केंद्र धरमपुर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बीएलओ से गणना पत्रक के डिजीटाईजेशन समय सीमा में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बीएलओ के साथ ही मतदाताओं से भी शीघ्र ही गणना पत्रक भरने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपा गया यह कार्य समय पर पूरा करना है। बीएलओ इसके लिए लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए बीएलओ को आम जनता का जितना अधिक सहयोग मिलेगा, काम उतना ही बेहतर तरीके से संपन्न होगा। कलेक्टर ने कहा कि फार्म में ही बीएलओ का मोबाइल नंबर भी दर्ज किया गया है किसी तरह की तकनीकी दिक्कत होने पर बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने मतदाताओं से कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य है इससे मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा, इसे जल्द पूर्ण कर बीएलओ को प्रदान कर सहयोग करें। कलेक्टर ने बीएलओ से प्रगति की जानकारी ली और शेष गणना पत्रकों को शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए, ताकि पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरा हो सके।

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/24-25

**-:ईश्तहार:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका सीमा बाई आ. स्व. सदम साय, निवासी ग्राम डोंगादरहा, थाना तुमला, जिला- जशपुर (छ.ग.) हालमुकाम ग्राम दरिमा, थाना व तहसील दरिमा, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम दरिमा, तहसील दरिमा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1303/4 रकबा 0.8790 हे. में से 0.400 हे. अर्थात 01 एकड़ भूमि को अनावेदिका प्रियंका जायसवाल आ. बहादूर जायसवाल, निवासी सत्तीपारा स्कूल के सामने, शीतला वार्ड, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्रेषित किया गया है, जो न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/11/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल




**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 23 नवम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ.विनोद आहूजा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल




**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हास्पिटल में रविवार दिनांक 23 नवम्बर को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन जैन, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक 23 नवम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर में झुनझुनी
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
- लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
- दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
- पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
डॉ.आर.के.साहू
MD, DM (nephrology)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
- शरीर में सून हो, खून की कमी,
- थकावट, सांस का फूलना,
- पेशाब में तकलीफ जैसे रक्त का आना, दर्द होना।
डॉ. नमन जैन
MD Medicine,DNB Rheumatology,EULAR Fellowship in Rheumatology
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ
- जोड़ो में दर्द,सुजन,अकड़न,बार बार मुंह में छाले होना
- आंखों एवं त्वचा का सुखना,रह्युमेटाइड आँर्थराइटिस
- संधिवात,गठियावात की शिकायत,आस्टियो आर्थराईटिस
CT SCAN
AVAILABLE 24/7
डॉक्टर्स हाउस/सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल -II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ. देवान्श मिश्रा
MBBS,MS (General Surgery) M.Ch. Neurosurgery
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया नस रोग विशेषज्ञ
- सिर की चोट, स्पॉन्डिलाइटिस, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
- चेहरे पर तीव्र दर्द, लकवा, मिर्गी
- बच्चों के कमर में गठान, रीढ़ की हड्डी का टी.बी.
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
23 नवम्बर 2025, प्रत्येक माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से?
- चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट
अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बिश्रामपुर।** जयनगर स्थित वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा,वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने बताया कि मुख्य परीक्षा में कुमारी आफरीन ने 81.74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्था का गौरव बढ़ाया है,इसके अलावा 17 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत और 12 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है,सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं,उन्होंने बताया कि शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के चलते सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है,भारतीय नर्सिंग परिषद में जबसे सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा लेने का निर्णय लिया है,वह विद्यार्थियों के लिए तैयारी करने करने के उद्देश्य से और भी प्रभावी सिद्ध हो रहा है, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के बहुत से लाभ नजर आ रहे हैं, सालभर में लगातार मुल्यांकन और प्रतिक्रिया, पाठ्यक्रम के बोझ में कमी और विद्यार्थियों के लिए नियमित अध्ययन की आदतें विकसित हो रही हैं,विद्यार्थियों को बेहतर विषय समझ और कौशल विकास में मदद करती है,इसका परिणाम यह हुआ है कि टीचर्स और विद्यार्थियों के बीच बेहतर सहभागिता बढ़ी है, जिसका परिणाम बहुत अच्छे आए हैं,ये सार्थक मेहनत का प्रतिफल है।

### मां महामाया मंदिर में विवाह के लिए पहुंच रहे दूल्हा-दुल्हन सहित परिजन



**रामानुजगंज।** जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों मां महामाया मंदिर में इन दिनों शादी–विवाह का माहौल पूरी तरह चरम पर है। वार्ड क्रमांक 9 में कनहर नदी के तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शादी–विवाह का सीजन शुरू होते ही यहां दूर-दूर के गांवों और कस्बों से दूल्हा–दुल्हन अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। मां महामाया के आशीर्वाद से वैवाहिक जीवन की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले जोड़ों की भीड़ प्रतिदिन देखने को मिल रही है। प्राकृतिक सुंदरता और मनोहारी वातावरण से घिरा यह मंदिर विवाह संस्कार के लिए एक शांत और पवित्र स्थल माना जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि विवाह सीजन शुरू होते ही यहां शादियों का सिलसिला लगातार बढ़ गया है। सीजन के दौरान लगभग हर दिन विवाह संपन्न कराए जाते हैं। कई बार एक ही दिन में दो से तीन शादियां भी होती हैं। लोग दूरस्थ गांवों से भी यहां केवल इसलिए आते हैं क्योंकि वे मां महामाया की कृपा से अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा विवाह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। कनहर नदी के किनारे स्थित होने के कारण यहां का प्राकृतिक वातावरण विवाह समारोह को और भी पवित्र और यादगार बना देता है। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े नदी तट पर फोटो शूट भी करवाते हैं, जिससे यह स्थल न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मां महामाया मंदिर में विवाह करवाने की परंपरा वर्षों पुरानी है और जैसे-जैसे मंदिर की ख्याति बढ़ रही है, यहां विवाह कराने आने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

### उर्सुलाइन स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत उर्सुलाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झींगो में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत शामिल हुए। उन्होंने बच्चों की खेलों में बढ़ती सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण साधन हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को चार दलों इंदिरा दल, सुभाष चंद्र दल, लक्ष्मी दल और नेहरू दल में विभाजित किया गया था। सभी दलों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं इंदिरा दल ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया। आयोजन के दौरान खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रिले रेस, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ सहित अनेक स्पर्धाएं कराई गई। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकगणों ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य सिस्टर सुशना ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मराबी, प्राचार्य सिस्टर सुशना, माध्यमिक शाला की प्रधानपाठिका सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खरीदी केन्द्र का चक्कर लगा रहे किसान

# डीपाडीह कला केन्द्र में अब तक शुरू नहीं हुई धान खरीदी, किसानों में नाराजगी



धान खरीदी केन्द्र के सामने मौजूद किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- किसानों की उपज पड़े है खुले आसमान के नीचे

धान कटाई एवं मिसाई के बाद जहां किसान अपनी उपज को बेचने की तैयारी में है वहीं डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। जिले में धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुए पांच दिन से अधिक हो गए है बावजूद इसके डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं होने से अब किसान समिति का चक्कर लगाने को मजबूर है।

विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष अब तक खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद केंद्र में आवश्यक व्यवस्था पूर्ण न होने से किसान लगातार परेशान हैं। केंद्र में धान रखने की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं की गई है, जिससे किसानों में असंतोष और बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से खरीदी केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों द्वारा अभी व्यवस्था नहीं होने की बात कहकर वापस भेज देते है। खरीदी स्थल पर गोदाम व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड, तिरपाल, तौल मशीन और अन्य संसाधनों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय पर तैयार नहीं किए जाने से उन्हें अपनी उपज खुले आसमान और घरों में ही सुरक्षित रखना पड़ रहा है, जिससे नमी बढ़ने पर नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डीपाडीह कला केंद्र में तत्काल धान खरीदी शुरू की जाए तथा सभी आवश्यक सुरक्षा और भौतिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### महावीरगंज में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ किसानों में दिखा उत्साह का माहौल

**रामानुजगंज।** धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ आज धान खरीदी समिति महावीरगंज बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में तराजू बाट तथा खरीदी उपकरणों की पूजा - अर्चना की गई जो किसानों की समृद्धि और खरीदी कार्यों के सुचारू संचालन का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभापति कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, समिति प्राधिकृत अधिकारी बीरबल शुरुता, जनपद सदस्य अशर्फी यादव, पवन कश्यप, खरीदी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल, ग्राम महावीरगंज के सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, समीउल्लाह अंसारी, कन्हाई प्रजापति, विजय कश्यप, आनंद यादव, सतीश सिंह, राममंदीप यादव, जगदीश यादव तथा क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ कियागया। इस अवसर राजकुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि किसानों का एक एक दाना खरीदी किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं मजबूत की गई। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किसी भी बिचौलियों या दलालों के बहकावे में न आए क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन ने खरीदी से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से पारदर्शी कर दी है।





# अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा,तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिवस शुक्रवार 21 नवंबर को खेल का शुभारंभ कंपनी महाप्रबंधक संचालन गिरीश कुमार रॉय,कंपनी स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य सुजीत कुमार सिंह एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव बिश्रामपुर क्षेत्र के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

इस अवसर पर स्टॉफ ऑफिसर (एचआर)संजय कुमार शिंदे एवं प्रबंधक एचआर हरेंद्र तिवारी,राजेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार,विजय महाकुल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे,दो दिन चले प्रतियोगिता के बाद दूसरे दिन कुल चार टीमें सेमीफाइनल मे प्रवेश की है,जिनका दिनांक आज 22 नवम्बर को सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा, फाइनल मैच के मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास होंगे, साथ ही कंपनी संचालन समिति के सदस्यगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।




### नगर पंचायत के पार्क प्रांगण में अटल परिसर बनकर तैयार, लोकार्पण कल

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्क प्रांगण में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर अब पूरी तरह तैयार है और इसका लोकार्पण 23 नवंबर रविवार को किया जाएगा।

यह लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर से वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा,नगरीय निकाय की अधोसंरचना मद से निर्मित यह अटल परिसर न सिर्फ नगर पंचायत बिश्रामपुर की पहचान बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय गतिविधियों, सामुदायिक कार्यक्रमों और प्रशासनिक उपयोग के लिए भी एक बेहतर व सुव्यवस्थित स्थान के रूप में उभरेगा,आधुनिक मानकों के अनुरूप निर्मित इस परिसर में नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है,जिससे यह आने वाले वर्षों में नगर के लिए एक बहुउपयोगी केंद्र सिद्ध हो सके,सबसे खास बात यह है कि बिश्रामपुर का यह लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश के बड़े आयोजन का हिस्सा बनेगा, छत्तीसगढ़ के 100 नगरीय निकायों में निर्माण कराए गए अटल परिसरों का लोकार्पण इसी दिन एक साथ किया जाएगा,ऐसे विशाल कार्यक्रम में शामिल होना बिश्रामपुर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है,नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि अटल परिसर नगर में विकास की नई लकीर खींचेगा।लोकार्पण को लेकर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

### एसआईआर के नाम पर साइबर ठग ओटीपी भेजकर कर सकते है: एसएसपी



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य और जिले में एसआईआर का कार्य जारी है, साइबर ठगों ने इसकी आड़ में जाल फैलाना शुरू कर दिया है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना दी है जिसका उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। एसएसपी ने प्रशांत कुमार ठाकुर बताया कि एसआईआर भरने हेतु ओटीपी के लिए कोई कॉल आए तो सावधानी बरते। उन्होंने बतायाय कि यदि कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह दे तो उसे तुरंत मना कर दें। कॉल करने वाले व्यक्ति को साफ-साफ कहें कि मैं कार्यालय जाकर पता करता हू। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म में मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है। लेकिन कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि बीएलओ के माध्यम से बीएलओ फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ ओटीपी नहीं मांगता। यह आशंका है कि साइबर ठग ओटीपी भेजकर और इसे पूछकर फ्रॉड को अंजाम दे सकते हैं।

# आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु भूमि सीमांकन कराने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय वार्ड क्रमांक 5 स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय जर्जर स्थिति में संचालित हो रहा है। चार कमरों के इस पुराने भवन में मरीजों के उपचार एवं भर्ती की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण गंभीर मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा नहीं मिल पाती। वर्तमान भवन अत्यंत पुराना होने के साथ-साथ मरम्मत योग्य भी नहीं रह गया है। वहीं क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस संबंध में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील गुप्ता द्वारा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत राजपुर के वार्ड क्रमांक 6 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में उपलब्ध लगभग 1 एकड़ शासकीय भूमि का सीमांकन कर नवीन आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है। यह भूमि शासकीय



अभिलेख में दर्ज है तथा मुख्य मार्ग से सटी होने के कारण मरीजों के आवागमन की दृष्टि से भी उपयुक्त मानी जा रही है। प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण होने पर आम नागरिकों को औषधि वन वाटिका, औषधालय भवन, व्यायाम-योग चबूतरा तथा स्टाफ क्वार्टर जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

### माधुरी जायसवाल पुनः बनी कति नारी साहित्य समिति की अध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति में पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में सर्व सम्मति से संस्थापिका श्रीमती मीनाक्षी अवस्थी की उपस्थिति में पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। श्रीमती माधुरी जायसवाल पुनः अध्यक्ष नियुक्त की गई। इसके अलावा उपाध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, सचिव श्रीमती रूही गजाला, सह सचिव श्रीमती कांति पांडे, कोषाध्यक्ष श्रीमती लीला अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला यादव नियुक्त की गई।

# मंत्री राजवाड़े ने ओड़गी में सड़क एवं पुलिया निर्माण का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/भैयाथान

- गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, पुनः निर्माण और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के ओड़गी विकासखंड के धरसेड़ी-कर्री-कुप्पी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क और पुलिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नव-निर्मित सड़क की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग तथा संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि सड़क के कई हिस्सों में निर्माण मानकों का समुचित पालन नहीं किया गया है और कार्य अभी भी अधूरा है। इस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को पूरे मार्ग का पुनः निर्माण मानक गुणवत्ता के साथ कराने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें आमजन की जीवनरेखा हैं, जिस पर आवागमन, एम्बुलेंस सुविधा, बच्चों की स्कूल पहुंच और आवश्यक सेवाओं की निर्भरता होती है। इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, ओड़गी क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अत्याधुनिक फुली ऑटोमैटिक प्लांट का शुभारंभ

**भैयाथान।** आकांक्षा स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत मीठा शक्ति आहार एवं नमकीन दलिया उत्पादन हेतु अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटिक मशीन प्लांट स्थापित किया। शुक्रवार को इस प्लांट का शुभारंभ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा-पाठ के बाद फीता काटकर किया।



नई उत्पादन इकाई पूरी तरह मशीन आधारित है, जिससे आहार निर्माण की प्रक्रिया अब अधिक स्वच्छ, सुरक्षित, मानक आधारित और गुणवत्तापूर्ण हो सकेगी। प्लांट के शुरू होने से समूह की महिलाओं को तकनीक से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा, वहीं उत्पादन क्षमता भी कई गुना बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित यह प्लांट आत्मनिर्भरता और आजीविका वृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से न केवल समूह की आय में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र में पूरक पोषण आहार की नियमित आपूर्ति और गुणवत्ता नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।

# मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/मानीचौक

- नगदी सहित जब्त किया बाइक व मोबाइल

मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी सहित मोबाइल व बाइक जब्त कर सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मानी नर्सरी जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हारजीत का दाव लगाकार जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने वेशभूषा बदलकर, कई साधनों का उपयोग एवं पहचान छिपाकर ग्राम मानी नर्सरी जंगल पहुंची जहां घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लखनपुर अंतर्गत ग्राम केनापारा के शिवराज राजवाड़े आ. स्व. बोधन राम (36 वर्ष), . धनसाय राजवाड़े आ. राम नारायण (25 वर्ष), ग्राम सपकरा के रामवृक्ष राजवाड़े आ. गोविन्द राम राजवाड़े (41 वर्ष), दर्पण



राजवाड़े आ. पन्नेलाल (36 वर्ष) व ग्राम सलका के बृजेश पाण्डेय आ. योगेन्द्र पाण्डेय ( 25 वर्ष) को जुआ खेलते धर दबोचा। पुलिस टीम ने जुआड़ियों के पास से 52 पत्ती सहित कुल 19 हजार 880 रूपये जब्त किया। साथ ही जुआड़ियों के 4 मोबाईल, 1 बाइक को भी जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, प्रधान आरक्षक शिवलोचन पैकरा, आरक्षक रविराज पाण्डेय, रामलोचन देवांगन, देवनीश मिंज सक्रिय रहे।

### खीस्त राजा पर्व का आयोजन कल, निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**अम्बिकापुर।** खीस्त राजा पर्व का आयोजन 23 नवम्बर को सम्पन्न होगा। खीस्त राजा के आदर में शोभायात्रा शहर के नावापारा स्थित महागिरजाघर प्रांगण में प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, गुदरी बाजार चौक, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक होते हुए उर्सुलाइन सेंट जेवियर्स मैदान तक होगी। तत पश्चात धर्माध्यक्ष डॉ. अन्तोनिस बड़ा के पावन कर कमलों से पवित्र यूखरिस्तीय बलिदान संत जेवियर विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। चलने में असमर्थ बुजुर्गों तथा छोटे बच्चों वाली माता या पिता को जुलूस से पहले सेंट जेवियर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। उद्घोषक फादर माइकल तिर्की, संगीत संचालन नमना पल्ली, प्रत्येक पारा से भक्त तजिया तैयार कर जुलूस में भाग लेंगे जिनका मूल्यांकन सिस्टर जॉर्जिना , सिस्टर शांति केरकेट्टा तथा फादर इमिलियुस एक्का द्वारा किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411